हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–73 : जौनपुर, शुक्रवार 11 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## प्रधानमंत्री मोदी नें भारत गौरव काशी यात्रा ट्रेन को किया रवाना : जुड़ेंगे दक्षिण भारत के लोग

वाराणसी ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी तकनीकी से बनी सेमी हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की नई ट्रेन को केएसआर बेंगलुरु स्टेशन से शुक्रवार को हरी झंडी दिखाई। ये दक्षिण भारत की पहली और देश की पांचवीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन है। इसके साथ ही पीएम ने वाराणसी, अयोध्या और प्रयागराज के लिए भी कर्नाटक से भारत गौरव काशी यात्रा ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि 'भारत गौरव काशी यात्रा ट्रेन' धार्मिक यात्रा ट्रेन है जो वाराणसी, अयोध्या और प्रयागराज में रुककर यात्रियों को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराएगी। इसी के साथ बेंगलुरु भारत गौरव काशी यात्रा (Bharat Gaurav Kashi Yatra train) सेवा पाने वाला पहला राज्य बन गया है। ट्रेन रवाना करने के बाद पीएम ने ट्वीट किया और लिखा– मैं कर्नाटक को बधाई देना चाहता हूं कि ये 'भारत गौरव काशी यात्रा ट्रेन शुरू करने वाला पहला राज्य बन गया है। ये ट्रेन काशी और



कर्नाटक को करीब लाती है। इस ट्रेन से तीर्थयात्री और पर्यटक वाराणसी, अयोध्या और प्रयागराज की यात्रा कर सकेंगे।'

## दुनिया के डायबिटिज रोगियों में 17 प्रतिशत से अधिक रोगी भारत में ही पाये जाते हैं –डॉ रजनीश श्रीवास्तव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। इंदु मेडिकल सेंटर के फाउंडर एंड डायरेक्टर डॉ रजनीश श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में डायबिटिज अथवा मधुमेह सामान्यतया पायी जाने वाली एक ऐसी बीमारी है जिसके शिकार बहुतायत में न केवल वृद्ध बल्कि युवा भी है। यदि भारत को दुनिया में डायबिटिज की राजधानी भी कहा जाये तो अतिश्योक्ति नहीं होगी क्योंकि भारत की 10 प्रतिशत से अधिक की जनसंख्या इस बीमारी की चपेट में है और दुनिया के डायबिटिज रोगियों में 17 प्रतिशत से अधिक रोगी भारत में ही पाये जाते हैं। टाईप–2 डायबिटिज क्या है? टाईप 2 डायबिटिज जिसे (type 2 diabetes mellitus) भी कहा जाता है यह शरीर में इस प्रकार का असंतुलन पैदा कर देता है जिससे शरीर को शुगर पचाने ( absorb) करने में कठिनाई होने लगती है। इस असंतुलन के कारण अन्य समस्याऐं जैसे शरीर में उर्जा व वसा के उचित भण्डारण व प्रोसेसिंग की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। शर्करा हमारे शरीर के समस्त उतकों (cells) के सुचारू रूप से कार्य करने के लिये आवश्यक है। यह हमारे शरीर में एक प्रकार के हार्मोन जिसे इंसुलिन कहते हैं, के माध्यम से अवशोषित होता है। यदि हमारे शरीर में पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन मौजूद नहीं है अथवा हमारा शरीर इंसुलिन के प्रति सुचारू रूप से संवेदनशील नहीं है तब शर्करा हमारे खून में पहुँच जाती है। डायबिटिज के मरीजों के साथ यही होता है। खून में शर्करा की उच्च मात्रा, यदि उसका समय पर समुचित इलाज न किया जाये तो कई तरह की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायें उत्पन्न कर देती हैं। डायबिटिज के कारक 1. आनुवांशिक कारक– प्रायः देखा गया है कि अधिकांश डायबिटिज मरीज ऐसे परिवारों से सम्बन्धित होतें हैं जिनके कोई न कोई सदस्य टाईप–2 डायबिटिज अथवा उससे सम्बन्धित अन्य रोगों जैसे हाई कोलेस्ट्रोल, हाई ब्लड प्रेशर, Triglyceride levels and obesity आदि से ग्रस्त रहें हैं। ऐसे मरीजों को उनके जीवनकाल में टाइप–2 डायबिटिज होने की सम्भावना उन लोगों की अपेक्षा 5–10 गुना अधिक होती है जिनके परिवार के सदस्यों की डायबिटिज हिस्ट्री नहीं है। 2. जीवन शैली कारक– अधिक मात्रा में अस्वास्थ्यकारी भोजन लेना तथा पर्याप्त मात्रा में शारीरिक गतिविधि जैसे व्यायाम इत्यादि न करना भी इसके प्रमुख कारकों में एक है जिसके कारण ऐसे लोगों का वजन बढ़ता है जिसके परिणाम स्वरूप टाईप–2 डायबिटिज का खतरा भी बढ़ता जाता है। 3. गर्भावस्था— कुछ महिलाओं में गर्भावस्था की अवधि में डायबिटिज हो जाती है जिसे गैस्टेशनल डायबिटिज कहा जाता है। गैस्टेशनल डायबिटिल टाईप 2 डायबिटिज के समान ही है परन्तु यह बच्चे को जन्म देने के पश्चात् स्वतः समाप्त भी हो जाती है। लेकिन जिन महिलाओं में गर्भावस्था की अवधि में गैस्टेशनल डायबिटिज हो जाती है उनमें उनके शेष जीवनकाल में टाईप–2 डायबिटिज होने का खतरा बना




रहता है।तो उसको नियंत्रित करने के लिए'' ABCs'' का पालन करना चाहिए: ''A'' stands for ''AIC''– AIC ऐसी खून की जांच है जिसके अन्तर्गत मरीज के पिछले कुछ महीनों में रहे औसत ब्लड शुगर लेवल की जाँच की जाती है। ''B'' stands for ''Blood pressure'' मधुमेह के रोगियों का ब्लड प्रेशर भी शुगर लेवल के समान ही नियंत्रित बनाये रखना आवश्यक होता है। उच्च रक्त चाप के मरीजों में हार्ट अटैक, स्ट्रोक तथा किडनी सम्बन्धी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ''C'' stands for ''cholesterol ''– कोलेस्ट्रोल खून में पाये जाने वाला मोम के तरह का पदार्थ होता है। उच्च कोलेस्ट्रोल की वजह से भी मरीजों में हार्ट अटैक, स्ट्रोक तथा अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डायबिटिज रोगियों को अन्य सामान्य व्यक्तियों की अपेक्षा हार्ट अटैक, स्ट्रोक का खतरा 2–3 गुना तक अधिक रहता है। ऐसे रोगियों में युवावस्था में ही हार्ट अटैक की सम्भावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में हार्ट अटैक ज्यादा गम्भीर तथा मारक होता है। इसके अलावा ऐसे मरीजों में किडनी की बीमारियाँ होने की सम्भावना भी अधिक रहती है। डाक्टर श्रीवास्तव ने बताया कि मरीज अपना ''ABCs'' नियंत्रण में रखकर काफी हद तक इन खतरों से बच सकते हैं। डॉक्टर श्रीवास्तव के अनुसार उक्त का प्रयोग करें। भोजन, दवा अनुशासन डॉ कालिंदी श्रीवास्तव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि DIABETES IN PREGNANCY Gestational Diabetes Mellitus एक ऐसी स्थिति है जिसमें महिलाओं ने प्रेगनेन्सी के दौरान शुगर लेवल बढ़ जाता है। ऐसा लगभग 4 प्रतिशत प्रेगनेन्सी में होता है। Gestational Diabetes Mellitus का इलाज जल्द से स्टार्ट होना चाहिए क्योंकि इसमें माँ और बच्चे दोनों को ही परेशानी हो सकती है। अधिकतर गर्भवती महिलाओं का परीक्षण गर्भावस्था के 24वें व 28वें सप्ताह के बीच में किया जाता है। माँ के लिए प्रेगनेन्सी में शुगर के नुकसान Gestational Diabetes Mellitus वाली महिलाओं में शिशु का आकार बड़ा होने के कारण सीजेरियन डिलेवरी की सम्भावना बढ़ जाती है। इन महिलाओं ने हाई बी०पी० का रिस्क बढ़ जाता है। इन महिलाओं में गर्भावस्था के बाद टाइप–2 डायबिटीज होने का यदि शुरूआत प्रेगनेन्सी में शुगर है तो इन महिलाओं में बर्थ डिफेक्ट और एबोरशन का खतरा बढ़ जाता है। बच्चों के लिए प्रेगनेन्सी में शुगर के नुकसान –शिशु एक्स्ट्रा शुगर को फाइट के रूप में स्टोर करता है और उसका साइज बड़ा कर सकता है इसको मैक्रोसोमिया कहते हैं। जन्म के बाद शिशु का लो ब्लड शुगर होना। पीलिया होना। इन बच्चों में मोटापा और डायबिटीज का खतरा बढ़ जाना। Gestational Diabetes Mellitus का उपचार इलाज का उद्देश्य माता बच्चे में जी०डी०एम० के जोखिम कम करना और माँ के ब्लड में शुगर लेवल को मेनटेन रखना।

## उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी का हुआ जनपद में स्वागत

मुंगराबादशाहपुर जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों एवं संगठन की गतिविधियों का जायजा लेने के लिए जनपद जौनपुर ,मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा में प्रथम आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी बृजलाल खाबरी का जौनपुर में मुंगरा बादशाहपुर के पूर्व प्रत्याशी व शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डा. प्रमोद के सिंह की नेतृत्व में कांग्रेस सुजानगंज ब्लाक अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह व नगर अध्यक्ष हाजी सहजादे सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया । तद्पश्चात ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक अध्यक्षों, न्याय पंचायत अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल ने कहा कि नगर निकाय चुनाव नजदीक है। निकाय चुनाव में कांग्रेस जाति धर्म के बंधन को तोड़ते हुए सभी को साथ लेकर पूरी दमदारी से चुनाव लड़ेगी और प्रदेश में विजय पताका फहराएगी। उन्होंने कहा कि राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का असर जनता में दिखने लगा है। आने वाला समय कांग्रेस का है। पूरे प्रदेश में डेंगू का कहर व्याप्त है भाजपा सरकार आँखे बंद किए बैठी है। सरकार के पास न तो डेंगू जैसी महामारी से निपटने के लिए व्यवस्था है और ना बजट। मुंगरा विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी डाक्टर प्रमोद के सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश में नफरत एवं विघटन की राजनीति की जा रही है। एक तरफ



जनता जहां महंगाई एवं बेरोजगारी का दंश झेल रही हैं वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपने पूंजीपति मित्रों का करोड़ो का कर्ज माफ कर रही है। आज हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा जो भारत जोड़ो यात्रा चलाई जा रही हैं उसका उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनने व भविष्य में दूर करने के लिए है। हमारे सामने आने वाले समय में निकाय चुनाव है ऐसे में हमें अपने नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के मूल उद्देश्य को लोगों में घर–घर पहुंचाने तथा एकजुट होकर युद्ध स्तर पर चुनाव की तैयारियों में लगने की आवश्यकता है। क्योंकि कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जो भारतीय जनता पार्टी को परास्त कर सकती है।उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से मल्हनी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राकेश मिश्रा मंगला , एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सोनकर, ललित चौरसिया , आनंद सिंह , मनोज गौतम , राहुल यादव, अभिषेक , आशु उपाध्याय , संत लाल पटेल, नीरज सरोज, कृपा शंकर पटेल , अशोक पटेल , लल्लन दुबे , राजेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## चिकित्साधिकारी बनने पर डॉ श्रृष्टि वर्मा का हुआ ननिहाल में भव्य स्वागत

सुजानगंज (जौनपुर) ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के बेलवार सुजानगंज में यू पी एस सी में चयन होने पर चिकित्सा अधिकारी बनकर पहली बार ननिहाल आई डॉ श्रृष्टि वर्मा का भव्य स्वागत उनके ननिहाल में किया गया। विदित हो कि बेलवार निवासी श्रृष्टि वर्मा ने अपने प्रथम प्रयास में ही यू पी एस सी में चयनित होकर चिकित्सा अधिकारी पद पर चयनित हुई हैं। उत्तर प्रदेश के जनपद मिर्जापुर में अतिरिक्त चिकित्साधिकारी के रूप में अपना कार्यभार संभालेगी. पहली बार जब अपने मामा श्याम जी पटेल के घर आई तो मामा के परिवार वालों , गांव के साथ साथ अन्य लोगों ने एयरपोर्ट पर पहुंच कर उनका भव्य स्वागत किया । उनको फूल मालाओं से लाद दिया ।उनके मामा श्याम जी ने बताया कि श्रृष्टि शुरू से ही कुशाग्र बुद्धि की छात्र थी । उनकी स्मरण शक्ति बहुत ही तेज थी । उसी का परिणाम है कि आज यू पी एस सी में चयनित होकर हम लोगों का नाम रोशन कर रहीं हैं। वहीं पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान डॉ श्रृष्टि वर्मा ने कहा कि मेरे ऊपर दिन–रात एक डरावना तनाव था यदि मैं हंसी नहीं तो मर जाती बहुत हंसी आती है मुझे उन लोगों पर जो मुझे मुझसे ज्यादा जानते थे खेल कर पाने का



मजा ही कुछ और है रोकर मुस्कुराने का मजा ही कुछ और है हार तो जिंदगी का हिस्सा है हारने के बाद जीतने का मजा ही कुछ और है हम उन हालातों से गुजरे जहां सुनने वाला हिम्मत छोड़ देता है और दिखने वाला दम ऐसे हालातों से गुजरते हुए आज इसका पूरा श्रेय हमारे नानी माता पिता और हमारी हृदय प्रिय मित्र डॉक्टर सुमन और डॉक्टर प्रियंका को जाता है इसी दौरान मामा के घर वालो ने बताया की उनका भव्य स्वागत किया गया स्वागत करने वालों में सर्वेश पटेल, सान्याल मोदनवाल संतोष द्विवेदी, बड़े मामा राम जी, भगन पृथ्वीपाल जीजा धर्मराज सहित भाई–बहन मौसा मौसी आदि ने माला पहनाकर स्वागत किया लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विधायक राजहंस सिंह के आवास पर श्रीमद भागवत कथा

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : मडियाहू तहसील क्षेत्र के असावा (रामपुर) में महाराष्ट्र विधान परिषद सदस्य राजहंस सिंह के निवास पर आगामी 16 नवंबर, बुधवार से श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा। भाजपा विधायक सिंह ने बताया की जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज के श्री मुख से कथा पाठ होगा। 22 नवंबर तक चलने वाले कथा पाठ में हर रोज दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक पाठ किया जाएगा। श्री सिंह ने सभी श्रद्धालुओं से श्रीमद भागवत कथा पाठ में हिस्सा लेने की अपील की है। सनातन धर्म के 18 पवित्र पुराण हैं, जिनमें एक भागवत् पुराण भी है। इसे श्रीमद्भागवत या केवल भागवतम् भी कहते हैं। यह जगत के



पालक श्रीविष्णुजी के धरती पर लिए गए 24 अवतारों के साथ उस दौरान उनके जीवन की कथा का भावपूर्ण वर्णन है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## आबकारी निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने अवैध कच्ची शराब के ठिकाने पर दबिश

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिला आबकारी महेंद्र नाथ सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग के प्रवर्तन दल टीम के निरीक्षक



अरविंद कुमार मिश्रा व आबकारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार ने आज संयुक्त टीम बनाकर अवैध कच्ची शराब के ठिकाने पर दबिश दी गई। टीम ने शाहपुर क्षेत्र के व्यास नगर, बधिक टोला , मोहनापुर पादरी बाजार और रामगढ़ताल क्षेत्र के फुलवरिया गांव में दबिश दी गई दबिश के दौरान टीम ने 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया है इसके साथी तीन अभियोग पंजीकृत कराया है। आबकारी निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण व बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज यह कार्रवाई की गई है यह कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी जब तक अवैध कच्ची शराब के कारोबार का समूल नास नहीं कर दिया जाएगा।

## भूस्वामी मुंबई अस्पताल में भर्ती : पुलिस करा रही कब्जा

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार– धनन्जय विश्वकर्मा : जमीन मालिक का मुंबई के एक अस्पताल में ब्रेन सर्जरी के बाद विगत दस दिनों से उपचार चल रहा है।और हल्का पुलिस ने उसकी जमीन पर पक्का निर्माण शुरू कर दिया। एसडीएम और सीओ ने थाना पुलिस को फोनकर कब्जा बंद



कराने का निर्देश दिया।बावजूद इसके पुलिस कर्मी उच्चाधिकारियों को भरमित करते रहे। जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। पोटरिया गांव निवासी लुकमान अहमद पुत्र सनाउल्लाह व उनके तीन भाइयों की ननिहाल में इसी थाना क्षेत्र के अफलेपुर गांव में नंबरी जमीन है।लुकमान अहमद के बड़े भाई की मृत्यु हो चुकी है।अन्य सभी लोग रोजगार के सिलसिले में बाहर रहते हैं।एक पखवारा पूर्व लुकमान अहमद को ब्रेन हेमरेज हुआ।परिवार के लोगों ने मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।जहां पर ब्रेन सर्जरी के बाद लुकमान अहमद का उपचार चल रहा है।परिवार के अधिकांस सदस्य भी साथ हैं।मौके का फायदा उठाकर छह नवंबर की रात से ही अफलेपुर गांव के अब्दुल सलाम पुत्र परवेज,सरीफुल पत्नी परवेज जमीन पर कब्जा कर पक्का निर्माण शुरू करा दिया।परिवार के लोगों ने मुंबई में होने और परेशानी का हवाला देते हुए प्रभारी निरीक्षक घनश्याम शुक्ला से निर्माण कार्य रुकवाने के लिए गुहार लगाई।फिर भी निर्माण कार्य जारी रहा।भुक्तभोगी ने मामले की जानकारी सीओ सदर को दिया।उन्होंने देर रात पुलिस को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य रुकवाया। सीओ और एसडीएम ने एसएचओ को मामले को शनिवार को समाधान दिवस पर निस्तारित करने का आदेश दिया।दबंगों ने हल्का पुलिस पवित्र भूषण और अनुज सिंह के सह पर गुरुवार की रात से लेकर शुक्रवार की सुबह तक जमीन के काफी हिस्से पर कब्जा कर दीवार खड़ी कर लिया।निर्माण कार्य चल रहा था कि जानकारी होने पर भुक्तभोगी के परिवार वालों ने प्रभारी निरीक्षक और डायल– 112 पुलिस को दिया। आरोप है कि मामले की जानकारी हल्का पुलिस ने कब्जा कर रहे लोगों को दी। जिसके बाद लोग काम बंद कर भाग निकले। भुक्तभोगी पक्ष के लोगों ने डीएम, एसपी से पुलिसकर्मियों और दबंगों की कॉल डिटेल जांच की मांग किया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लखनऊ में 15 नवंबर को शिक्षक भरेंगें हुंकार –अमित सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जनपदीय अध्यक्ष अमित सिंह की अध्यक्षता में एक रणनीतिक बैठक हुसेनाबाद स्थित कैंप कार्यालय में हुई। बैठक के सम्बंध में जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने अवगत कराया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा पूर्व से घोषित आन्दोलन के क्रम में पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार सुत्रीय मांग को लेकर पुरे देश में निरन्तर चरणबद्ध आन्दोलन चल रहा है। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) द्वारा उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार सुत्रीय मांग को लेकर चरणबद्ध तरीके से विभिन्न आन्दोलन जैसे हस्ताक्षर अभियान/जनपदीय धरना प्रदर्शन सहित अन्य कई आन्दोलन किए गए। साथ ही अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा देश के समस्त राज्यों में पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार सुत्रीय मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आन्दोलन प्रस्तावित है। जिसके क्रम में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार



सुत्रीय मांग को लेकर दिनांक 15 नवम्बर 2022 को ईको गार्डन लखनऊ में एक दिवसीय प्रदेशीय धरना प्रदर्शन आन्दोलन पूर्व से घोषित किया जा चुका है। धरने को सफल बनाने के लिए सभी ब्लाक अध्यक्ष/मंत्रियों को अपने अपने ब्लाक से बसों के माध्यम से संख्याबल के साथ धरना स्थल इको पार्क लखनऊ पहुंचने की तैयारी सुनिश्चित करेंगे। इस अवर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह,जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अतुल सिंह सयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह, संगठन मंत्री, अश्वनी सिंह, संतोष सिंह बघेल, राम सिंह राव,महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना सिंह, नूपुर श्रीवास्तव,ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह सरोज सिंह, विशाल सिंह, सजल सिंह, दिवाकर चौहान, रोहित सिंह, रामकृपाल यादव , नितीश सिंह, प्रदीप सूर्या, स्वतंत्र कुमार राकेश सिंह सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# थाना पवाँरा पुलिस ने दो वारण्टी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल निर्देशन मे कार्यवाही करते हुए



दिनांक 10.11.22 को थानाध्यक्ष श्री राजनारायन चौरसिया मयहमराह के मु0नं0 72/2022 धारा 323/504/308 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. रविकान्त पाण्डेय पुत्र श्रीनाथ पाण्डेय 2. शशिकान्त पाण्डेय पुत्र श्रीनाथ पाण्डेय नि0गण भटेवरा थाना पवारा जनपद जौनपुर को उनके घर के सहन दरवाजे से गिरफ्तार किया गया वारन्टीगण उपरोक्त के विरुद्ध मा0न्यायालय जौनपुर द्वारा गिरफ्तारी अधिपत्र निर्गत किया गया था उक्त आदेश के अनुपालन के क्रम मे अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है । गिरफ्तार अभियुक्तदृ 1. रविकान्त पाण्डेय पुत्र श्रीनाथ पाण्डेय नि0 भटेवरा थाना पवारा जनपद जौनपुर। 2. शशिकान्त पाण्डेय पुत्र श्रीनाथ पाण्डेय नि0 भटेवरा थाना पवारा जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहास– 1.मु0नं0 72/2022 धारा 323/504/308 भा0द0वि0 थाना–पवारा जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमदृ 1. थानाध्यक्ष राजनारायन चौरसिया थाना पवारा जनपद जौनपुर। 2. का0 रणविजय यादव, का0 राजू पटेल, का0 तेजबहादुर, म0का0 पूजा पाण्डेय थाना पवारा जनपद जौनपुर।

# जौनपुर की स्केटिंग टीम ने नौ पदक जीते : आठवीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय स्केटिंग चैम्पियनशिप में जनपद का किया नाम रोशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्रेटर नोएडा स्थित ग्रेनों स्टेडियम में आठवीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय स्केटिंग चैम्पियनशिप में जनपद जौनपुर की कुल 19 खिलाड़ियों ने चैम्पियनशिप में प्रतिभाग किया। स्केटिंग चौम्पियनशिप में जौनपुर की तरफ से खिलाड़ियों ने खेलते हुए अलग–अलग कटेगरियों में कुल 9 मेडल प्राप्त किये। पाँच गोल्ड मेडल, तीन सिल्वर एवं 1 ब्रॉन्च पदक पाकर जनपद जौनपुर नाम रौशन किया। 5 से 7 साल की कैटेगरी में आन्जनेय (तेजस) यादव 200 मीटर की रेस में गोल्ड मेडल तथा 600 मीटर की रेस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वही 7 से 9 साल की बालिका वर्ग में अनुप्रिया यादव ने 200 मीटर, 500 मीटर–डी में सिल्वर मेडल प्राप्त किया एवं रोड रेस में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। आरव यादव 11 से 14 साल की कैटेगरी में 2 गोल्ड मेडल प्राप्त किया। 5 से 7 साल की कैटेगरी में सौर्य कुमार पाल ने एक बॉन्ज मेडल हासिल किया। सभी खिलाड़ियों ने अपने अलग–अलग वर्ग में फाइनल तक खेला। 7 से 9 साल की कैटेगरी में प्रत्यक्ष विराट विक्रम फाइनल तक खेले। 7 से 9 बालिका वर्ग में रिद्धिमा यादव ने फाइनल तक खेला। 9 से 11 साल की बालिका वर्ग में अनवेशा सोनकर व अनन्या राय ने फाइनल तक खेला तथा बालिका वर्ग में प्रियांश अग्रहरी ने गोल्ड मेडल के साथ अपना प्रथम स्थान



बनाया। विराट सिंह, आरूष जायसवाल ने फाइनल राउंड तक खेला। अनवी सोनकर ने 5 से 7 में इनलाइन खेलते हुए फाइनल राउंड तक खेला। स्केटिंग एसोसिएशन जौनपुर स्केटिंग के कोच विजय के.पी. एल. डी स्पोर्ट्स एकेडमी के सेक्रेटरी प्रेसिडेन्ट व सभी पदाधिकारियो ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए तथा उनके इस उपलब्धि के बहुत–बहुत बधाईयाँ दी। इस मौके पर एकेडमी की प्रेसिडेन्ट नील यादव, सेक्रेटरी विजय राज यादव (कोच), रविकान्त जायसवाल (कलाविद), पीके प्रजापति, शैलेश सोनकर, दीपू सिंह, रमेश कुमार यादव, शैलेश यादव और उनके सहयोगी उपस्थित थें।

# थाना मछलीशहर पुलिस ने 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार : कब्जे से चोरी की 05 साइकिल की बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर, द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री देवानन्द रजक के मार्गदर्शन व उ0नि0 श्री सैय्यद हसन जाफर रिजवी मय हमराही कर्मचारीगण व मुखबीर खास के मदद से ग्राम अलीसापुर थाना सिकरारा जौनपुर से अभियुक्त शिवम सोनी पुत्र पप्पू सोनी निवासी ग्राम अलीसापुर थाना सिकरारा जिला जौनपुर के कब्जे से 05 अदद चोरी की साईकिल बरामद किया गया एवं अभियुक्त शिवम सोनी पुत्र पप्पू सोनी निवासी ग्राम अलीसापुर थाना सिकरारा जिला जौनपुर को दिनांक 10.11.2022 की गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया । संक्षिप्त विवरण– उ.नि. सैय्यद हसन जाफर रिजवी मय हमराह के साथ देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिगं हेतु मडियाहूं चौराहा पर मौजूद थे कि मुखबीर खास उपस्थित आया बताया कि साहब तेज बहादुर अस्पताल मछलीशहर के सामने से जो साइकिल 08.11.2022 को चोरी हुई थी उसके चोर एवं साइकिल के बारे मे पता चल गया है यदि जल्दी करे तो पकडा जा सकता है इस सूचना पर वादी मुकमदा को सुचना देकर तलब किया गया उपस्थित आया मय उ.नि. मय हमराह कर्मचारी मय वादी मुकदमा व मुखबीर खास को साथ लेकर मुखबीर के निशानदेही पर ग्राम अलिसापुर थाना सिकरारा पहुचे तो मुखबीर खास ने घर के बाहर व्यक्ति की ओर ईशारा



करके हट बढ गया तत्पश्चात हम पुलिस वाले बैठे हुए व्यक्ति को पडककर पूछताछ व नाम पता पूछा गया तो अपना नाम शिवम सोनी पुत्र पप्पू सोनी निवासी ग्राम अलीसापुर थाना सिकरारा जिला जौनपुर बताया एवं साइकिल के वारे मे पूछा तो सकपकाने लगा एवं शक्ति से पूछने पर बाताया कि साहब जो घर के दीवार के सहारे लगाकर जो साइकिले खडी है यह सब चोरी की साइकिल है जो मैने अलग अलग जगह से चुराई है साहब यह जो काली गद्दी वाली हरकुलिस साइकिल है यह मैने 08. 11.22 को तेज वहादुर अस्पताल के सामने से चुराई थी तत्पश्चात वादी मुकदमा से साइकिल कि सिनाख्त कारयी गयी तो बताया कि यह मेरी साइकिल है जिसका चेचिस नं चेक किया गया तो BS 62 424 हरकुलिस है जिसे वादी मुकदमा अपना बता रहा है अन्य सभी साइकिलो को चेक किया गया तो जिसका चेचिस नं. निम्नवत है 1. EJ 54784 ए.वन. 2. TWP 14695 हरकुलिस , 3.R 957453 हीरो 4. AR 00604 – 6 एटलस 5.BS 65 424 हरकुलिस इस सभी साइकिलो को रशीद के बारे पूछा गया तो पकडे गये व्यक्ति द्वारा बताया गया कि यह सब साइकिले मैने चोरी की है मेरे पास कोई रशीद नही है पकडे गये व्यक्ति शिवम सोनी उपरोक्त का यह कृत्य धारा 379/411 भा.द.वि. का अपराध है का बोध कराते हुए कारण गिरफ्तारी बताते हुए हिरासत पुलिस लिया गया दौराने गिरफ्तारी माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो का पूर्णताय पालन किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पतादृ 1.शिवम सोनी पुत्र पप्पू सोनी निवासी ग्राम अलीसापुर थाना सिकरारा जिला जौनपुर। बरामदगी–1. 05 साईकिल चोरी की । पंजीकृत अभियोग 1. मु0अ0सं0. 276/22 धारा 379/411 भा.द.व. थाना मछलीशहर जौनपुर। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1.प्रभारी निरीक्षक श्री देवानन्द रजक थाना मछलीशहर। 2.उ0नि0 श्री सैय्यद हसन जाफर रिजवी, थाना मछलीशहर। 3.का0 सन्दीप कुमार, का. वकास कन्नौजिया, का. धर्मदत्त यादव, का0 विमलेश कुमार, थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर।

# पीयू एनएसएस के आधा दर्जन स्वयं सेवक बिलासपुर छत्तीसगढ़ रवाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के आधा दर्जन स्वयंसेवकों को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने हरी झण्डी दिखाकर 12 नवम्बर से 21 नवम्बर 2022



तक गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय कोनी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित दस दिवसीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर 2022 में प्रतिभाग करने हेतु रवाना किया। अपने संबोधन में कुलपति ने सभी स्वयंसेवकों को शिविर अच्छे प्रदर्शन से विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की उम्मीद व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव ने सभी चयनित स्वयंसेवकों का परिचय कुलपति से कराया। इस अवसर चयनित स्वयंसेवक/स्वयंसेविका आंचल मौर्या, लक्ष्मी गुप्ता, दीक्षा मिश्रा, विशाल यादव, मनीष पांडेय,सचिन सिंह तथा टीम का नेतृत्व कर रहे कार्यक्रम अधिकारी डॉ सोमारू राम,जगत नारायन सिंह,सहायक कुलसचिव बबिता सिंह,डॉ विनय कुमार वर्मा, डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ अवधेश कुमार मौर्य,सर्वेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# राजा श्री कृष्ण दत्त इंटर कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठी आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजा श्री कृष्ण दत्त इंटर कॉलेज में पर्यावरण पर संरक्षण गोष्ठी आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ संजय चौबे मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर डॉ बीएस उपाध्याय ने ग्लोबल वार्मिंग पर बोलते हुए कहा ग्लेशियर पिघल रहे हैं उनका तापमान जीरो 0.80 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़ता जा रहा है, टेंपरेचर इसी तरह बढ़ता रहा ,आइसलैंड और मालदीव जैसे दीप समुद्र में डूब जाएंगे। विश्व में 4 परसेंट पानी पीने योग्य है, पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ पौधे को अधिक मात्रा में लगाना, जलाशय से बनाएं. जल का संचयन झीलों और तालाबों के द्वारा करें, छत के पानी को जमीन के नीचे ,पाइप के द्वारा धरती के नीचे पहुंचाये, पानी में आर्सेनिक, फ्लोराइड और आयरन का बढ़ना जीव जंतु से लेकर मनुष्य तक के लिए भी घातक है। जल संशोधन के द्वारा, वेस्टेजवाटर को उपयोग में लाने के लिए प्लांट लगाएं ,ग्रेटर नोएडा और दिल्ली का आपने उदाहरण दिया। भागवत कथा मर्मज्ञ राकेश मिश्रा जी ने पर्यावरण विषय पर सनातन संस्कृत जल संरक्षण आज ही गूढ़ विषयों पर पद्धति और वर्तमान विचार को भी रखा,। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह जी ने बोलते हुए कहा– नदियों का पानी दूषित हो रहा है, शहरों का गंदा पानी जा रहा है– नदियों में ,कल–कारखानों का पानी नदियों में जा रहा है??? आपने बोलती वह कहा कि तीन चौथाई हिस्सा जंगल होना चाहिए ,हम कॉलोनी बनाने के नाम पर ,सड़कें बनाने के नाम पर, अंधाधुंध कटाई कर रहे हैं ,यह पर्यावरण के लिए




बहुत ही नुकसानदायक है। ट्रेफिक इंस्पेक्टर जीडी शुक्ला ने कहा वातावरण पर्यावरण को दूषित– करने से हमारा जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाता है –बीमारियां बढ़ती हैं। साथ में यातायात के नियमों पर सड़क सुरक्षा संबंधी विषय पर अपने विचार अपने रखें।राज कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय चौबे ने संक्षिप्त उद्बोधन में जल ही जीवन है– वायु ही हमारी प्राणशक्ति है, वायु के बिना हमारा जीवन चल नहीं सकता इसके लिए पेड़ पौधे लगाएं तभी हमें आपसे मिलेगी, राजा श्री कृष्ण दत्त डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य– अखिलेश्वर शुक्ला जी ने,अंत में अध्यक्ष जी भाषण में सब का आभार व्यक्त किया, पर्यावरण को बचाने के लिए पेपर पकड़ बरगद नीम और गूलर का पेड़ लगाने के लिए सभी छात्रों से अपील की ,और कहा कि अपने जन्मदिन पर आप इसको लगाएं ,और तुलसी के पौधे के गुण के महत्व के, वैज्ञानिक तरीकों के बारे में आपने बताया।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर की अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही 17 अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जनपद में घटित अपराधों के अनावरण,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पूर्व में पेशेवर अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी हेतु उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है, जिससे इन अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके, आज पुनः चोर, हत्यारा, रंगदारी, लूटेरा, शराब तस्कर, मादक द्रव्य, व गौकशी से सम्बन्धित जनपद जौनपुर के थाना केराकत, सिगरामऊ, सुजानगंज, मड़ियाहूं, मछलीशहर, सिकरारा, लाइन बाजार, जलालपुर, बक्सा, गौराबादशाहपुर, सरपतहाँ व चन्दवक के 17 शातिर अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है। जिनका विवरण निम्नवत है– 1. राकेश यादव उर्फ तूफानी पुत्र धर्मराज यादव ग्राम तरियारी सहूरा थाना केराकत जौनपुर। 2. गुडलक तिवारी उर्फ गुड्डू उर्फ अभिषेक तिवारी पुत्र हृदय नारायण तिवारी ग्राम खानपुर थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 3. अजीत यादव उर्फ लालमणि यादव ग्राम रयां थाना सुजानगंज जौनपुर। 4. मोहम्मद शाहिद पुत्र मुन्नू कुरैशी उर्फ सलीम ग्राम कसाब टोला थाना मड़ियाहूं जौनपुर।5. सिकंदर अंसारी पुत्र स्वर्गीय नूरुलहक अंसारी ग्राम मोहल्ला कस्बा मछली शहर जौनपुर। 6. शशांक सिंह उत्तर साहिल पुत्र अजीत प्रताप सिंह ग्राम आहोपुर थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 7.असलम पुत्र खलील ग्राम छैलामियां का पूरा कस्बा मछली शहर जनपद जौनपुर। 8. राजकुमार सिंह उर्फ छून्ना पुत्र रामअधार सिंह ग्राम भुवाकला थाना सिकरारा जौनपुर। 9. बृजेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना पुत्र रामअधार सिंह ग्राम भुवाकला थाना सिकरारा जौनपुर। 10. विजय प्रकाश यादव उर्फ भग्गड पुत्र धर्मराज यादव ग्राम रारी परियांवा थाना लाइन बाजार जौनपुर। 11. पीयूष यादव पुत्र राम बहाल यादव ग्राम रारी परियांवा थाना लाइन बाजार जौनपुर। 12. राजेश यादव पुत्र लालजी यादव ग्राम गयासपुर थाना जलालपुर जौनपुर।13. मनोज यादव पुत्र चंद्र बहादुर यादव ग्राम डेरापुर थाना बक्शा जौनपुर। 14. मोहम्मद उमर उर्फ उमर खान पुत्र सुहेल अहमद ग्राम चोर सण्ड थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 15. नौशाद अहमद पुत्र मोहम्मद अख्तर उर्फ अख्तर अली ग्राम चोर सण्ड थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 16. दीपक तिवारी उर्फ अर्पित तिवारी पुत्र सुनील तिवारी ग्राम चौबहां थाना सरपतहां जौनपुर। 17. सूरज यादव पुत्र छग्गन यादव ग्राम उमरवार थाना चंदवक जौनपुर। नोट– जिनकी एक बार हिस्ट्रीशीट खुल जाती है वह आजीवन रहती है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारी को अपने–अपने थाना क्षेत्र के शातिर अपराधियों के अपराध का विश्लेषण कर उनके कृत्यो पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु निर्देशित किया गया है।

# देश के आयुर्वेदिक कॉलेजों में पीजी की 48 सीटों की मान्यता रद्द : तीन कॉलेजों में थीं 95 सीटें

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के तीनों सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेजों में स्नातकोत्तर (पीजी) की 95 में 48 सीटों की मान्यता रद्द कर दी गई है। इससे कई विभागों में अब स्नातकोत्तर की पढाई बंद हो गई है। मान्यता रद्द होने के पीछे संबंधित विभागों में संकाय सदस्यों की कमी होना बताया गया है। प्रदेश में लखनऊ, वाराणसी और पीलीभीत के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में स्नातकोत्तर की सीटें हैं। इन सीटों पर दाखिले से पहले नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन की टीम (एनसीआईएसएम) की टीम निरीक्षण कर व्यवस्था की जांच करती है। इसके बाद ही यहां पीजी कोर्स चलाने की मान्यता देती है। बताया जाता है कि पीजी की काउंसिलिंग से पहले टीम ने निरीक्षण किया तो तीनों कॉलेजों में संकाय सदस्यों की नहीं मिले। ऐसे में यहां के विभिन्न विभागों की पीजी की सीटें खत्म कर दी हैं। राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज टूडियागंज लखनऊ में पीजी की 49 सीटें हैं। यहां की रचना शरीर, क्रिस्या शरीर विभाग की पांच–पांच और बाल रोग व कौमारभृत्य विभाग की छह– छह सीटों की मान्यता रद्द कर दी है। यहां कुल 22 सीटों की मान्यता रद्द की -



गई है। इसी तरह राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज वाराणसी की 39 सीटों में 19 सीटों की मान्यता खत्म की गई है। इसमें शल्य की सात, गायनी की सात और रोग निदान विभाग की पांच सीटें हैं। इसी तरह राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज पीलीभीत की द्रव्य गुण की सभी सात सीटों की मान्यता रद्द कर दी गई है। 60 फीसदी से ज्यादा खाली है अध्यापकों के पद राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेजों में 60 फीसदी से ज्यादा पद खाली हैं। करीब तीन सौ पद के लिए अधियाचन भेजा गया था, लेकिन अभी तक भर्ती नहीं हो पाई है। इसी तरह जो पहले से कार्यरत हैं, उनकी प्रोन्नति का मामला भी अटका हुआ है। बताया जाता है कि वर्ष 2019 में विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की प्रक्रिस्या हुई थी, लेकिन मामला कोर्ट में चला गया।

# दो बाइकों में हुई सीधी टक्कर में दंपत्ति घायल

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) फैजाबाद की आवाज प्रयागराज हाईवे पर गुरुवार को दूसरी पहर नगर कोतवाली क्षेत्र मैं विश्वविद्यालय के आगे दो बाइकों में सीधी भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में एक बाइक सवार पति पत्नी घायल हुए हैं। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के देवनगर कॉलोनी नवीन मंडी निवासी 40 वर्षीय मनोज पांडेय पुत्र कैलाश नाथ अपनी पत्नी 35 वर्षीय सुमन पांडेय के साथ दूसरी पहर मसौधा की ओर से वापस घर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान लगभग 3:45 बजे प्रयागराज हाईवे पर विश्वविद्यालय के निकट एक चर्चित समोसा दुकान के सामने शहर की ओर से मसौदा की ओर जा रही एक अपाचे बाइक ने दंपत्ति के मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे मनोज और उनकी पत्नी घायल हो गई। सूचना पर पीआरवी वाहन ने दोनों को उपचार के लिए 4:15 जिला अस्पताल पहुंचाया। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक का कहना है कि मनोज को ज्यादा चोटें आई हैं, उसकी हालत गंभीर है। दोनों को उपचार के लिए भर्ती किया गया है।

## दरगाह रोड का निर्माण न पूर्ण होने से नगरवासी त्रस्त : पीड़ित नगर वासियों दिया शिकायती पत्र

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) नगर पालिका परिषद रुदौली की दरगाह रोड का निर्माण न पूर्ण होने से पीड़ित नगर वासियों ने शिकायती पत्र देकर जल्द निर्माण पूर्ण कराने की मांग की है।शिकायती पत्र के माध्यम से कहा गया है कि नगर रुदौली की मखदूम साहब मार्ग कस्बा रुदौली की वयस्तम मार्ग है जिसको खुदे हुए कई माह बीत चुके हैं परन्तु मार्ग का निर्माण आज तक पूर्ण नहीं हुआ है।गर्द व उखडी गिट्टियों की वजह से लोगों का चलना दुभर है।मांग पत्र में मखदूमसाहब मार्ग का निर्माण जल्द पूर्ण कराने की मांग की गई है।मांगपत्र पर हस्ताक्षर करने वालो में शाह अदनान एडवोकेट,पूर्व सभासद अख्तर अली,मो0 हसन,अब्दुलरब,गुफरान,शमीम,मो0 तारिक,इब्राहीम,रेहान,मो0 सैफ,ताजुद्दीन आदि शामिल रहे।

# यूनियन बैंक ने मनाया 104वा स्थापना दिवस समारोह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय बरईपार बाजार स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में आज 104वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया बैंक को फूल मालाओं से सजाया गया बैंक परिसर की साफ सफाई की गई ।और आज बैंक में आने वाले प्रत्येक ग्राहक को मिठाई और टॉफियों वितरित कर उनका मुह मीठा कराया गया। ब्रांच मैनेजर सचिन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आज यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपना 104वां स्थापना दिवस समारोह मना रहा है। आज ग्राहकों के विश्वास का प्रतिफल है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जनपद का अग्रणी बैंक होने के साथ–साथ देश में एक महत्वपूर्ण बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है। आज यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने ग्राहकों के हित के लिए समय–समय पर साइबर जागरूकता अभियान आयोजित करता रहता है। इस अवसर पर सुनील कुमार पांडे राजकुमार तिवारी प्रदीप कुमार यादव राजेश कुमार यादव अशोक कुमार पांडे रवि शंकर शेष नारायण गुप्ता सुरेश यादव आदि उपस्थित रहे। शाखा प्रबंधक ने ग्राहकों का आभार व्यक्त किया।

# शहीदों और क्रांतिकारियों को समर्पित सोलहवें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल की याद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहीदों और क्रांतिकारियों की याद में 16वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ गुरुवार को धूमधाम से किया गया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अयोध्या में दो दिनों तक चलने वाले फिल्म् फेस्टिवल के पहले दिन 'आजादी के नायक' विषय पर पेंटिग तो वहीं 'अवाम का सिनेमा' थीम पर रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।अशफाक– बिस्मिल सभागार में कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस दौरान शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रौत्र शदाब उल्ला खान ने मुख्य वक्तय के तौर पर कहा कि अयोध्या फिल्म फेस्टिवल साल दर साल अपनी भव्यता के साथ होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहीद अशफाक उल्ला खां व अन्य शहीदों की याद में हो रहा यह कार्यक्रम समाज को नई दिशा देने का काम कर रहा है। क्रांतिकारियों की शहादत से जुड़ी बातों को सिनेमा के माध्यम से सशक्त् ढंग से समाज तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहीद अशफाक उल्ला खां की बातों पर यदि ठीक ढंग से अमल किया जाए, तो समाजिक बंटवारे को खत्म किया जा सकता है।फिल्म प्रोडयूसर राजेश कुमार जायसवाल ने बच्चों में फिल्म् मेकिंग और एक्टिंग की रुचि जगाने की बात कही। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज राहुल तोमर ने अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के प्रयासों की सराहना करते हुए युवाओं और बच्चों को देश निर्माण से जुड़े कायों को करने की अपील की।अशफाक उल्ला खां शोध संस्थान के निदेशक सूर्यकांत पांडेय ने कहा कि यह फिल्म फेस्टिवल सिनेमा के जरिए इतिहास को जिंदा रखने का काम कर रहा है। आने वाली पीढिढ्यों को इस तरह के कार्यक्रमों से देश के इतिहास को जानने और समझने का मौका मिलेगा। अध्यक्षता कर रहे आईटीआई के प्रिसंपल वी.के. बाजपेयी ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के 16 सालों का सफर शानदार रहा है। आगे भी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग किया जाएगा। फिल्म निमात्री साधना मादावत जैन ने भी संबोधित किया। उद्घाटन समारोह का संचालन फिल्म निर्देशक मुकेश वर्मा ने किया।इससे पहले पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता में स्वदेश संस्थान सागर कला भवन, द कैंब्रियन स्कूल, सेंट मेरिज हायर सेकंडरी स्कूल, अयोध्या एकेडमी, के टी पब्लिक स्कूल, जिंगल बेल एकेडमी, राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय, आदि संस्थाओं के छात्र छात्राओं प्रतिभाग किया। अवधी लोक समूह की अद्भुत नृत्य प्रस्तुति ने सभागार में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता के संयोजक एस बी सागर प्रजापति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रभारी के रूप में आशीष अग्रवाल ने जिम्मेदारी निभाई।अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक डॉ. शाह आलम राना ने बताया कि पहले दिन निर्णय, शिवोहम, बगुलबुआ, जेलम, चिक्याची शाला आदि फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम के लिए भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, मैसेडोनिया, युगोस्लाविया, जापान, कनाडा, चीन, ताइवान, डेनमार्क, रसियन फेडरेशन, जर्मनी सहित 23 देशों से कुल फिल्में 267 प्राप्त हुई हैं, जिनमें से चयनित फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। वही आज फिल्मर फेस्टिवल के दूसरे दिन शुक्रवार को कलाकारों और फिल्मध निर्माताओं का जमावड़ा होगा फिल्म एक्टर आरके सुरेश (चेन्नई) जयश्री रचकोंडा (हैदराबाद) गीता सरोहा (मुंबई) शक्ति मिश्रा (लखनऊ) जितेंद्र बर्दे (पुणे) रिविक (कोलकाता) के साथ फिल्म निर्माता–निर्देशक लक्ष्मी आर अय्यर (मुंबई) डॉ. रमादेवी शेखर (चेन्नई) दीपक सत्य प्रकाश गर्ग (मुंबई) नसीम अहमद खान (पटना) राजवीर अरबल्ली (मुंबई) तिरूपति बर्दे (पुणे) गौतम रचिराजू (हैदराबाद) एसपीपी भास्करन (चेन्नई) आशीष नेहरा (हरियाणा) कौतुक सक्सेना (दिल्ली) अमित राय (दिल्ली) के अलावा अंटार्कटिका फेम साइंटिस्ट प्रोफेसर जसवंत सिंह, आईसीएन ग्रुप प्रधान संपादक प्रोफेसर (डॉ.) शाह अयाज सिद्दीकी, फेस्टिवल ज्यूरी चेयरमैन और फिल्म निर्देशक प्रोफेसर मोहनदास आदि शिरकत करेंगे।

## सीएमएस के लाखों प्रयासों के बाद भी नहीं थम रहा दलालों का जमावड़ा एवं कमीशन युक्त इंजेक्शन लिखना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सीबीएन त्रिपाठी के लाखों प्रयासों के बाद भी नहीं थम रहा दलालों का जमावड़ा एवं कमीशन युक्त इंजेक्शन लिखना प्राप्त जानकारी के अनुसार अधीक्षक बिपिन कुमार वर्मा द्वारा जिला चिकित्सालय के ओपीडी एवं इमरजेंसी ओपीडी में पोस्टर लगवाए गए की दलालों का प्रवेश वर्जित है एवं यदि किसी भी ओपीडी में दलाल नजर आए तो प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के सीयूजी नंबर एवं पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर सूचना दें परंतु इमरजेंसी ओपीडी कक्ष में 2 सीसीटीवी कैमरा भी लगवा दिया गया परंतु चिकित्सक एवं फार्मेसिस्ट इन आदेशों का पालन ना करते हुए अपने दलालों से धड़ाके से लिखवा रहे कमीशन युक्त इंजेक्शन एवं दवाइयां वहीं चिकित्सकों ने अपना दूसरा रास्ता अपनाते हुए सिटी स्कैन एवं अल्ट्रासाउंड लिखना शुरू कर दिया इन चिकित्सकों एवं फार्मेसिस्ट के खिलाफ प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सीबीएन त्रिपाठी जून में सेवानिवृत्त होने के कारण चिकित्सक एवं फार्मेसिस्ट पर कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं।

# जेल के पीछे चल रहा है अवैध गांजे का कारोबार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जेल के पीछे अवैध गांजे का कारोबार चल रहा है।अयोध्या में जेल के पीछे अवैध गांजे का कारोबार चल रहा है।जीआईसी इंटर कॉलेज के पीछे ओवर ब्रिज के दूसरे साइड धड़ल्ले से हो रही है बिक्री दुकान से लगभग 100 मीटर दूरी पर रिजर्व पुलिस लाइन उसके बावजूद भी गांजे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। क्या पुलिस प्रशासन को अभी तक इसकी जानकारी नहीं है। यदि है तो ज्ञान का मंदिर के पास इतना बड़ा कारोबार लगभग 3 सालों से चल रहा है चल रहा है और पुलिस प्रशासन अभी तक इसकी जानकारी है या नहीं यह एक बड़ा सवाल उठ रहा है जीएसएस स्कूल के छात्र पढ़ाई ना कर करके नशे के आदी हो रहे हैं और अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं क्या इस जगह पर ऐसा कारोबार होना उचित है यदि उचित नहीं है तो कैसे 3 सालों से या कारोबार चल रहा है यह एक गंभीर समस्या है यदि ऐसे ही स्कूल के आस–पास कॉलेज के आसपास अवैध मादक पदार्थों की बिक्री होगी तो तो बच्चों के भविष्य पर इसका क्या असर होगा या आप खुद जान सकते हैं समस्या यहां तक आ गई है कि बच्चे घर से पढ़ने के लिए स्कूल आते हैं और स्कूल ना जाकर के नशे के आदी हो रहे हैं क्या इसकी सूचना उनके माता–पिता को है या नहीं क्योंकि मेहनत मजदूरी करके अपने बच्चों को शहर भेज रहे हैं पढ़ने के लिए किस दिन मेरा बच्चा पढ़कर आगे बढ़ेगा मेरा और जिले का नाम रोशन करेगा लेकिन ऐसा कुछ नहीं हो रहा है और बच्चे नशे के आदि होते जा रहे हैं अपना और अपने घर का भविष्य नशे में बर्बाद कर रहे हैं पुलिस प्रशासन से यही उम्मीद की जा रही है कि जल्द से जल्द इस मामले को संज्ञान में लें और ज्ञान के मंदिर के पास अवैध गांजे का जो कारोबार हो रहा है उस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करें।

## श्री भरत हनुमान मिलन मन्दिर में अयोध्या से पहुंची साधु संतो एवं गृहस्थों से सजी श्री भरत यात्रा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) एक अद्भुत मनोरम दृश्य रहा, जब आज प्रातः 10:40 बजे स्थानीय भरतकुण्ड स्थित श्री भरत हनुमान मिलन मन्दिर में अयोध्या से पहुंची साधु संतो एवं गृहस्थों से सजी श्री भरत यात्रा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। ''जात मनावन रघुबरहिं, भरत सरिस को आज'' के भाव को लेकर मर्यादा पुरूषोत्तम् प्रभु श्रीराम के अनुज भरत जी महाराज एवं श्री शत्रुध्न जी महाराज प्रभु श्रीराम को मनाने चित्रकूट की ओर प्रस्थान किये। यह यात्रा आज प्रातः अयोध्या स्थित श्री मणिराम दास छावनी अयोध्या से परम पूज्य संत महन्त नृत्य गोपाल दास जी महाराज द्वारा हरी–झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा का नेतृत्व श्री कमल नयन दास जी महाराज व संयोजन श्री विमल कृष्ण दास जी महाराज कर रहे थे, श्री भरत यात्रा प्रातः लगभग 10:40 बजे भरतकुण्ड पहुंची, जहां स्थानीय महन्त परमात्मादास की अगुवाई में ''श्रीमती श्यामादेवी राम बिलास अग्रहरि सेवा समिति, जनपद–अयोध्या'' एवं '' श्री नन्दीग्राम महोत्सव समिति के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित,व कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति जनपद–अयोध्या के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता केशव बिगुलर व शरद पाठक बाबा,अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र अग्रहरि व महानगर अध्यक्ष रोहिताश्व चन्द्र राजू, स्वागताध्यक्ष के रूप में रमाकांत पांडे तथा कार्यक्रम का संचालन सुभाष पाण्डेय द्वारा किया गया । वहीं सेवा समिति के अध्यक्ष फूलचन्द्र अग्रहरि के नेतृत्व में राम विलास जायसवाल,संतराम प्रधान, राकेश निषाद प्रधान, सदानन्द प्रधान तथा संजय कनौजिया आदि की गणमान्य उपास्थिति में श्री भरत यात्रा का स्वागत माल्यार्पण, पुष्प वर्षा एवं पूजन अर्चन से किया गया। सेवा समिति से जुड़े अवधेश अग्रहरि के अनुसार श्री भरत यात्रा के पहुंचने पर सेवा समिति द्वारा भरत एवं शत्रुध्न के रूप में सजे स्वरूप का पूजन अर्चन करने एवं परमपूज्य महाराज कमल नयन दास जी महाराज के पूजन–अर्चन से इस यात्रा के स्वागत कार्यक्रम का प्रारम्भ हुआ। माल्यार्पण, पुष्प वर्षा एवं पूजन अर्चन के पश्चात यात्रा में सम्मिलित गणमान्य गृहस्थों व सैकड़ो संत महन्तो का स्वागत के पश्चात स्वल्पाहार स्वरूप जलपान के बाद स्थानीय नागरिको द्वारा प्रभु भरत एवं शत्रुध्न की स्वागत आरती के बाद सुन्दर व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया। विश्राम के पश्चात अपरान्ह 12:00 बजे श्री भरत यात्रा अगले पड़ाव के लिए प्रस्थान कर गई। श्री भरत यात्रा का स्वागत भरतकुण्ड पर माधव श्याम गुप्ता, मिथिलेश कुमार अग्रहरि एडवोकेट, दीपक जायसवाल एडवोकेट, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी एडवोकेट, दुर्गा प्रसाद तिवारी आफत, विष्णु गुप्ता,ई.हरिओम गुप्ता, अरविन्द अग्रहरि, राकेश श्रीवास्तव, अरूण कुमार गुप्ता आदित्य, गौरव अग्रहरि, सियाराम, आनन्द गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित सैकड़ो समाज सेवियों तथा सेवा समिति से जुडेध श्रद्धालु जन ने किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण बीच–बीच में ''जय श्रीराम'' भरत जी की जय, शत्रुध्न लाल की जय, बजरंग बली की जय आदि नारों से गुजायमान होता रहा।

## हाइवे पर बाइकर्स गैंग ने महिला से 40 हजार रुपये और मोबाइल छीने

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रौनाही थाना क्षेत्र के ग्राम पुरे महताबराय सरायनामू निवासी मनोज कुमार वर्मा पुत्र राममिलन वर्मा ने बुधवार को कैंट थाना पुलिस को लिखित शिकायत सौंपी है। आरोप लगाया है कि बाइक सवार युवकों ने उनकी पत्नी का हैंड बैग छीन लिया,जिसमें 40 हजार रुपए और मोबाइल रखा था। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मनोज का कहना है कि 7 नवंबर की रात लगभग 9:00 बजे वह अपनी पत्नी रीता वर्मा को बाइक से शहर से लेकर अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर कैंट थाना क्षेत्र स्थित बनबीरपुर मोड़ के पास पीछा कर रहे नीली ग्रे रंग की अपाचे सवार तीन युवकों ने पत्नी का बैग छीन लिया। बैग में पत्नी का विवो मोबाइल और लगभग 40,000 रुपए था ।बाइक सवार युवकों ने पेट्रोल पंप और सिविल लाइन तथा आयुक्त कार्यालय के बीच भी पीछा करने की कोशिश की थी। युवकों ने नंबर प्लेट को ढक रखा था। इस बाबत थाना प्रभारी रतन शर्मा ने बताया कि अभी वह चेकिंग के कार्य में निकले हैं। शिकायत के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्वी उत्तर प्रदेश में तीन दिन बाद सर्द बढ़ने के आसार : मौसम वैज्ञानिक ने दी जानकारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नवंबर का पहला सप्ताह बीतने के बाद ही सर्दी कदम ठिठके से लग रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक सर्दी में अमूमन पश्चिमी हवाएं चलने से पारे में गिरावट आती है लेकिन अभी तक पूर्वी हवाएं ही चल रही है। 12 नवंबर तक पश्चिमी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आने के आसार हैं। बुधवार सुबह हल्की धुंध छाई रही इसके बाद मौसम साफ हो गया। रात में भले ही हल्की सर्दी का अहसास हो रहा हो लेकिन दोपहर में तेज धूप खिल रही है। इस कारण नवंबर के पहले सप्ताह तक दिन का तापमान 30 और 31 डिग्री सेल्सियस के बीच बरकरार है, जबकि साल 2020 और साल 2021 में या 28 और 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। रात का पारा 12 और 14 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था लेकिन इस वर्ष अब तक यह 17 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हो रहा है। मिल्कीपुर क्षेत्र में बुधवार को दिन का पारा अधिकतम 29 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 16.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि इससे पहले न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के मौसम वैज्ञानिक सीताराम मिश्रा ने बताया कि 12 नवंबर तक पश्चिमी हवाएं चलने की आसार है, फिलहाल पूर्वी हवाएं चल रही है इससे तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं हो रही है। इसके अलावा हवा में नमी भी है हवा में नमी ज्यादा होने से तापमान में कमी नहीं आती इस कारण लगातार तापमान औसत से अधिक हो रहा है। आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है वर्षा होने की कोई संभावना नहीं है।

## तारुन थानाध्यक्ष व आबकारी इंस्पेक्टर की मिलीभगत से बिक रही अवैध कच्ची शराब

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हल्की ठंड शुरु होते ही तारुन थाना क्षेत्र मे अवैध कच्ची शराब का धंधा जोरो से चल रहा है तारुन थानाध्यक्ष रत्न सिंह व आबकारी इंस्पेक्टर बीकापुर की मिली भगत से थाना क्षेत्र के सोनेडांड ,मठिया, बालापुर, तारापुर, गंगापुर ,बरहेटा ,परसावा महोला ,माहनमऊ, केसरुआ सहित दर्जनों गांवो व आसपास की झाडियो में अवैध कच्ची शराब का धंधा तेजी फल फूल रहा है उक्त गावो के संभ्रांत लोगों का कहना है कि अवैध कच्ची शराब की बिक्री गावो व गावो के निकट होने से इसका सीधा असर गांव के 12–13 वर्ष से लेकर20–22 वर्ष के नौनिहालो पर पड़ रहा है जिससे गांवो के नौनिहालो का भविष्य बर्बाद हो रहा है जिसकी शिकायत सैकड़ों बार तारुन पुलिस से की गई लेकिन चंद पैसों की लालच में ये जिम्मेदार थानाध्यक्ष, हल्का दरोगा सिपाही व आबकारी इंस्पेक्टर बीकापुर अवैध कामों में लिफ्त हैं जिससे अवैध शराब व्यवसायियों के हौसले बुलंद हैं और वे बेरोकटोक अवैध कच्ची शराब बनाते है और पॉलिथीन में पैक करके बेचते हैं जिसका जीता जागता उदाहरण तारुन थाना क्षेत्र के बराव गाव के बाहर अवैध कच्ची शराब पैक करके बिक्री के लिए रखी है जिसका (फोटो) गांव के संभ्रांत लोगों ने खीचा है।

## पराली हेतु किसानों को जागरूक करने के लिए गांव गांव पहुंच रहा है कृषि विभाग का वाहन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कृषि विभाग द्वारा किसानों को पराली न जलाने व फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए एक पराली जागरूकता प्रचार वाहन के द्वारा गांव गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ प्रावैधिक सहायक प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पराली अवशेष प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए प्रचार वाहन तारुन टिकरी तारापुर कल्याणपुर होते हुए नसरतपुर बालापुर ककोली घूरीटीकर , नागपाली ,कादीपुर महरई मोहम्मदपुर , दिलीपपुर गयासपुर ,गौरा ,रामदासपुर चक्रसेनपुर मिझौली किशुंदासपुर कनकपुर झागरोली कि ग्राम सभाओं में वाहन जगह पर रुक कर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे जागरूक किया। बताया पुआल को किसी किनारे इकट्ठा करके उस पर डी कंपोजर का छिड़काव कर उसे खाद बनाएं एवं खेत की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं ।पराली का उपयोग मल्चिंग के रूप में भी किसानों को करने के लिए बताया गया है जिससे फसल में उगने वाले अनावश्यक खरपतवार न हो व मृदा में नमी बनी रहे। इससे जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बहुत तेजी से बढ़ रहा है । मेरठ बागपत आज आज शहर प्रभावित हो रहे हैं प्रदूषण से आंखों में जलन सांस संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है इस दौरान ब्र वरिष्ठ प्रावैधिक सहायक उमाशंकर , गोदाम प्रभारी प्रेमप्रकाश , शेर बहादुर ,बृजेंद्र ,रामजीत ,मनमोहन मौजूद रहे।

## जिला पंचायत सदस्य पर जनलेवा हमला में तीन घायल : दर्जन भर लोगों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रौनाही थाना क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्य पर उस समय जानलेवा हमला कर दिया गया जब वह अपने बैनामा की जमीन पर बाउंड्रीवाल बनवा रहे थे। वहां पहुंचे लगभग दर्जन भर लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुये जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं स सूचना पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर मौके से फरार हो गये। लखौरी गांव के समीप जहां सोहावल द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान सिंह पुत्र अंजनी सिंह अपनी बैनामा की खरीदी जमीन पर बाउंड्रीवाल बनवा रहे थे लखौरी गांव के रवि सिंह अपने गांव के 2 लोगों सहित दर्जनभर लोगों के साथ एक सफारी और चार मोटरसाइकिल से आये और फायरिग करते हुये मारपीट शुरू कर दिया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान सिंह पुत्र अंजनी कुमार सिंह निवासी ठेऊंगा, रोहित सिंह पुत्र वीरेन्द्र कुमार निवासी मजनावां व लखौरी निवासी रणविजय सिंह पुत्र स्व0राम बहादुर सिंह को गहरी चोट आयी है। मौके पर पहंची रौनाही पुलिस ने चोटहिलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल लेकर आई जहाँ हालत गम्भीर देख डाक्टरों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी रौनाही संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिये भेजा गया है अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

## परीक्षा सिर पर और अभी तक बच्चों तक नहीं पहुंची पाठ्य पुस्तकें : पुस्तक वितरण का दावा खोखला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बेसिक शिक्षा विभाग परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को भले ही किताब उपलब्ध कराने का दावा कर रहा हो, लेकिन या दावा महज कागजों तक सीमित रह गया है। किताबें बीआरसी केंद्र पर पटी पड़ी है और अफसर बच्चों तक किताब पहुंचाने का दावा कर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। स्कूलों में बच्चे बिना किताब के ककरहा सीख रहे हैं। मिल्कीपुर बीआरसी कार्यालय पर किताब डंप मिली है। अफसरों की लापरवाही से किताबें बच्चों तक नहीं पहुंच रही है। इस लापरवाही के चलते किताब वितरण को लेकर अफसरों के दावे पर सवाल खड़े हो गए हैं। मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र में 145 परिषदीय स्कूल व 1 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय है, सत्र के शुरुआत में ही इन बच्चों को किताब उपलब्ध कराने का नियम है, लेकिन किताबों के टेंडर प्रक्रिया और फिर छपाई में हुई देरी के चलते 4 महीने तक बच्चों को किताबें नहीं मिल पाई। सितंबर के शुरुआत में आपूर्ति शुरू हुई तो यह उम्मीद जगी थी की आधे सत्र के पहले बच्चों को किताबें मुहैया करा दी जाएगी। शासन स्तर से किताब आवंटित होने के बाद जिला मुख्यालय भेजी गई वहां से ब्लॉक बी आर सी कार्यालय भेजी गई स्कूलों तक किताब पहुंचाने की जिम्मेदारी खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपी गई थी। लेकिन अफसरों की लापरवाही के चलते यह किताबें बीआरसी कार्यालय पहुंचकर डंप हो गई है। खंड शिक्षा अधिकारियों की लापरवाही के चलते किताबें स्कूलों तक नहीं पहुंची। डंप पड़ी किताबों के बारे में जब वहां मौजूद कर्मचारियों से पूछा गया तो पहले तो कुछ बताना ही ठीक नहीं समझा बाद में बताया कि इन किताबों को जिला मुख्यालय भेजा जाना है इसीलिए यहां रखी हुई है। वही कई अध्यापकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अभी सभी किताबें विद्यालयों में उपलब्ध नहीं है किताबी आ जा रही है।इस बारे में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि जिले से पुस्तकें भेजी जा रही हैं। वही पुस्तकें मिल्कीपुर बीआरसी पर रखी हुई हैं। उन्हें वाहन से स्कूलों पर भिजवाया जा रहा है। मेरे द्वारा लगातार पुस्तक वितरण की मॉनिटरिंग की जा रही है।

## एसडीएम की अगुवाई में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली : निष्पक्ष मतदान करने के लिए लोगों से की गई अपील

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार बुधवार को मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज स्थित राम नेवाज सिंह पीजी कॉलेज के छात्र–छत्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर नगर पंचायत के मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की । छात्र छात्राओं के साथ मतदाता जागरूकता रैली में उप जिलाधकारी मिल्कीपुर अमित जयसवाल भी मौजूद रहे जागरूकता रैली खंडासा मोड़ कस्बा कुमारगंज तक निकाली गई, एसडीएम ने मतदाताओं को नगर निकाय चुनाव में मतदान में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करने की अपील की, तथा मतदान करने के प्रति छात्र छात्राओं समेत महाविद्यालय के अध्यापकों व अन्य कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई। मतदाताओं को भारत के संघीय ढांचे के बारे में विस्तार से बताते हुए विधानसभा निर्वाचन के बारे में एसडीएम द्वारा समझाया गया तथा मतदाता सूची कौन तैयार करता है, उसमें संशोधन के लिए कौन से प्रपत्र प्रयोग होते हैं, मतदाता सूची से नाम विलोपन के लिए कौन सा प्रपत्र प्रयोग करते हैं सहित तमाम जानकारियां भी साझा की गई। एसडीएम अमित कुमार जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 1 जनवरी 2023 तक जो भी व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहा हो वह फॉर्म 6 भर कर मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित करवा सकता है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि निष्पक्ष होकर पूरे देश के साथ भारत के सभी निर्वाचन में बढ़ चढ़कर आप लोग हिस्सा लेंगे। इस मौके पर महाविद्यालय के संरक्षक रामदेव सिंह एवं महाविद्यालय शिक्षक देवेश चंद्र पांडे अरविंद सिंह अनिल कुमार सिंह दिलीप तथा लेखपाल विंध्या प्रसाद तिवारी, महेंद्र तिवारी, विश्वनाथ प्रताप, विजेंद्र मिश्रा समेत महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इसी क्रम में उप जिला अधिकारी नगर पंचायत के मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय बवां द्वितीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

## पीएनसी कंपनी के कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं राहगीर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर पंचायत कुमारगंज के कस्बे में पीएनसी कंपनी द्वारा फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें आए दिन कोई ना कोई हादसा होता रहता है। ओवरब्रिज के नीचे आए दिन घटनाएं घटित होती रही हैं। लोगों को चोटिल होना आम बात हो गई है। निर्माण में लापरवाही के चलते किसी दिन बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इस विषय पर कई बार पीएनसी के आला अधिकारियों को स्थानीय लोगों द्वारा अवगत कराया जा चुका है मगर अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। फ्लाईओवर के पिलर नंबर 1 के पास पीएनसी कंपनी के द्वारा अधिक पानी डालने की वजह से मिट्टी गीली होकर फिसलने लगी है जिसके चलते लगभग 30 से अधिक लोग गिरकर चोटिल हो गए हैं जिनमें से शशिकला पत्नी राजीव श्रीवास्तव निवासी अकमा अपने घर जा रही थी रास्ते में मोटरसाइकिल फिसलने की वजह से गिर गई जिससे बाएं पैर में गंभीर चोटे आई हैं। जिन का इलाज नजदीकी अस्पताल ग्लोब हॉस्पिटल में चल रहा है। कुछ दिन पहले कुमारगंज निवासी रोहित कौशल सब्जी लेने बाजार जा रहे थे रास्ते में मोटरसाइकिल फिसलने की वजह से चेहरे पर गंभीर चोटे आई थी और उनका इलाज प्राइवेट अस्पताल में चला था। पीएनसी कर्मचारियों के लापरवाही से सैकड़ों राहगीर चोटिल हो चुके हैं मगर कर्मचारी मनमानी से बाज नहीं आ रहे है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।